# केंद्रीय कर निरीक्षकों की विभागीय परीक्षा

## प्रश्न पत्र - पंचम (हिंदी) PAPER – V (HINDI)

**दिनांक: 16-03-2022**

**समय: 10.00 पू. से 12.00 अ. (2 घंटा)**

**पूर्णांक:75**

**उत्तीर्णांक:37**

**निर्देश:** 1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।** 2. **परीक्षा के दौरान मोबाइल / स्मार्ट फ़ोन के प्रयोग पूर्णतयः वर्जित है।**

प्रश्न 1: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (2x6=12)

संस्कृति और सभ्यता – ये दो शब्द हैं और उनके अर्थ भी अलग – अलग है। सभ्यता मनुष्य का वह गुण है जिससे वह अपनी बाहरी तरक्की करता है। संस्कृति वह गुण है जिससे वह अपनी भीतरी उन्नति करता है, करुणा, प्रेम और परोपकार सीखता है।

आज रेलगाड़ी, मोटर और हवाई जहाज, लम्बी–चौड़ी सड़कें और बड़े-बड़े मकान अच्छा भोजन और अच्छी पोशाक, ये सभ्यता की पहचान हैं और जिस देश में इनकी जितनी ही अधिकता है उस देश को हम उतना ही सभ्य मानते हैं। मगर संस्कृति इन सब से कहीं बारीक़ चीज़ है। वह मोटर नहीं मोटर बनाने की कला है, मकान नहीं मकान बनाने की रूचि है। संस्कृति धन नहीं गुण है। संस्कृति ठाट–बाट नहीं विनय और विनम्रता है। एक कहावत है कि सभ्यता वह चीज़ है जो हमारे पास है, लेकिन संस्कृति वह गुण है जो हम में छुपा हुआ है। हमारे पास आभूषण और वस्त्र इत्यादि होते हैं मगर यह सारी चीज़ें हमारी सभ्यता के सबूत हैं जबकि, संस्कृति इतने मोटे तौर पर दिखाई नहीं देती। वह बहुत सूक्ष्म और गूढ़ होती और वह हमारी हर पसंद हर आदत में छिपी रहती है। मकान बनाना सभ्यता का काम है, लेकिन हम मकान का कौन सा नक्शा पसंद करते हैं, यह हमारी संस्कृति बताती है। आदमी के भीतर काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और द्वेष, छः विकार प्रकृति के दिए हुए हैं। परन्तु अगर यह विकार अनियंत्रित छोड़ दिए जायें तो आदमी इतना गिर जाए कि उसमें और जानवर में कोई भेद नहीं रह जाएगा। इसलिए आदमी इन विकारों पर रोक लगाता है। इन दुर्गुणों पर जो आदमी जितना काबू कर पाता है उसकी संस्कृति भी उतनी ही उच्चस्तरीय होती है। संस्कृति का स्वभाव है कि वह आदान–प्रदान से बढ़ती है। जब दो देशों या जातियों के लोग आपस में मिलते हैं तब उन दोनों की संस्कृतियां एक–दूसरे को प्रभावित करती है। इसलिए संस्कृति की दृष्टि से वह जाति या वह देश बहुत ही धनी समझा जाता है जिसने ज्यादा देशों या जातियों की संस्कृतियों से लाभ उठाकर अपनी संस्कृति का विकास किया हो।

(क) सभ्यता व संस्कृति में क्या अंतर है?
(ख) मानव की मानवीयता किस बात में निहित है?
(ग) किसी भी सभ्यता के मानदंड क्या-क्या है?
(घ) संस्कृति का स्वभाव बताइए तथा स्पष्ट कीजिए कि देश की संस्कृति समृद्धि इससे किस तरह प्रभावित होती है?
(ङ) 'विचार' और 'संस्कृति' शब्दों के उपसर्ग बताइए और इनमें 'इक' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए।
(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2: निम्नलिखित गद्यांश को अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद करें। (2x5=10)

(क) Would one have ever thought that one day, we will be on the moon! It was just like a dream, wasn't it? But now it seems that it is going to be possible in the near future. Similarly, whatever seems difficult to us today is not necessarily difficult (out of the reach). Therefore, we must at least try. As well , we should keep patience bacause something, if not that difficult, is not that easy either.

(ख) To some extent, he is right: But not completely. if you look at the other aspect of this, you will find that the thing I am saying is logical too. The court cannot pass judgment without hearing any/either of the parties. Well, the second thing is that you should also see how many people were standing there at that time. If there were one or two, nobody would say anything; but there were more than 50 people out there. Moreover, the police was not seen around. For a moment, I thought that I was gone, but thank God that I am safe.

प्रश्न 3: निम्नलिखित वाक्यों/शब्दों का अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद करें | (1x10=10)

1. His luck took a turn .
2. You sholdn't take undue advantage of this situation.
3. He became bankrupt .
4. By whom is he being treated ?
5. Which date falls on Sunday ?
6. There is something wrong with his brain.
7. May God bless you.
8. I shall reach by the 5:30 train.
9. What is done, is done.
10. The mother car turned turtle.

प्रश्न 4: निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद करें| (1x10=10)

(i) छुट्टियां दस मई से शुरू होंगी |
(ii) तुम इस कमरे से फोटो कैसे लेते हो?
(iii) परीक्षा सोमवार से शुरू होगी |
(iv) मैंने पटना विश्वविद्यालय से बी० ए० पास किया है |
(v) आप सफल हों |
(vi) मुझे रहने के लिए घर है |
(vii) मैंने उसे चाय पर बुलाया |
(viii) कृपया रजिस्टर में हस्ताक्षर कर दीजिए|
(ix) रोगी को किसने अच्छा किया?
(x) पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ था |

प्रश्न 5: राजभाषा से सम्बंधित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x15=15)

(i) संविधान के मूल भाग में कितनी भाषाओं को राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई थी?
(ii) संविधान की कौन–सी अनुसूची में भाषाओं को राजभाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है?
(iii) वर्तमान में 8वीं अनुसूची में शामिल भाषाओं की संख्या कितनी है?
(iv) आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाएँ कौन-सी हैं?
(v) मिजोरम, नागालैंड तथा मेघालय की राजभाषा कौन-सी है?
(vi) हिंदी भाषा भारत की कुल जनसंख्या के कितने प्रतिशत भाग का प्रतिनिधित्व करती है?
(vii) कितने वर्षों के लिए राजभाषा आयोग की नियुक्ति की जायेगी?
(viii) राजभाषा आयोग की नियुक्ति किसके आदेश पर होगी?
(ix) प्रथम राजभाषा आयोग का गठन कब किया गया?
(x) संसदीय विधान कार्य अंग्रेज़ी में चलने तथा उसके अधिकृत हिंदी अनुवाद की व्यवस्था का आदेश राष्ट्रपति द्वारा कब जारी किया गया?
(xi) केन्द्रीय हिंदी समिति का गठन किस वर्ष किया गया?
(xii) केन्द्रीय हिंदी समिति का अध्यक्ष कौन होता है?
(xiii) संविधान के किस अनुच्छेद में संघ की राजभाषा और लिपि का उल्लेख किया गया है?
(xiv) भारतीय संविधान के कौन–से अनुच्छेद में राष्ट्रपति को राजभाषा से सम्बंधित कुछ विषयों में सलाह देने के लिए एक आयोग की नियुक्ति का प्रावधान है?
(xv) प्रश्न 5(xiv) के सन्दर्भ में राष्ट्रपति ने इस अधिकार का प्रयोग करते हुए प्रथम राजभाषा आयोग का गठन कब किया है?

प्रश्न 6: निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए | (1x10=10)

(i) गले में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ी रही |
(ii) दंगे में गोलियों की बाढ़ आ गई |
(iii) रेडियों की उत्पत्ति किसने की |
(iv) आपके प्रश्न का समाधान मेरे पास नहीं है |
(v) हमारे देश के मनुष्य मेहनती हैं |
(vi) शहीदों का देश सदा आभारी रहेगा |
(vii) गाय का ताकतवर दूध होता है |
(viii) अपनी बात आपको मैं बताता हूँ |
(ix) ध्यानपूर्वक विद्यार्थियों को पढाई करनी चाहिए|
(x) प्रधानमंत्री जनता के हितकर कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं |

प्रश्न 7: निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखें | (0.5x6=3)

1. Appendix
2. Applaud
3. Macro-Economic Policy
4. Maintenance Allowance
5. Miscellaneous Expenses
6. Abnormal demand

प्रश्न 8: आप अपने कार्यालय में हिंदी पुस्तकों व पत्रिकाओं की आपूर्ति के लिए एक पत्र लिखें | (5)

*****